॥ श्रीमद् गोवर्द्धनधरो विजयते ॥

॥ श्रीमन्नवनीतप्रियो जयती ॥

सङ्गीतानन्दवाद्यविचार

अर्थात

मृदंग सागर.

संगीत विद्यानुरागी सज्जनोपयोगी

श्रीमन्नाथद्वाराधीश महाराजाधिराज श्रीमान परम कृपालु आचार्य वर्य गोस्वामी श्री श्री १०८ श्री गोवर्द्धनलालजी महाराजाश्रित.

कर्ता तथा प्रकाशक

शंकरजी सुत घनश्याम पखावजी

श्रीनाथद्वारा—मेवाड.

संवत १९६८

Printed at Subodhini P. Press Bazar gate Fort Bombay by Bhagvanlal Tribhuvan.

न्योछावर रु. ४) प्रथमावृत्ति १०००

Pakhawaji Ghanasham
NATHADWARA.



V. S. P. Bombay.

॥ श्रीमन्निकुञ्जनायको विजयते ॥

॥ अर्पण पत्रिका ॥

श्रीमदखण्डभूमंडलाचार्यचक्रचूडामणिश्रीमद्वल्लभाचार्यकुलभूषण, श्रीमद्गोस्वामि-तिलक महाराजाधिराज, श्रीमन्नाथद्वाराधीश, श्रीश्री १०८

श्रीगोवर्द्धनलालजी महाराज-- मु. श्रीनाथद्वारा-मेवाड.

आप श्रीमानकी मेरे प्रतिकी कृपा तथा
प्रेमकी पूर्ण दृष्टि, और संगीतविद्याका
अनुराग, तथा उसके उत्तेजनका पूर्ण
उत्साह, और इस पुस्तकके प्रकाश
करनेमें, सहर्ष प्रदान की हुई उदार
सहायता प्रभृति अनेकानेक
सद्गुणोंका स्मरण कर, यह
लघु पुस्तक, आप श्रीमानके
ही करकमलोंमें सावि-
नय, साष्टांग प्रणाम
पूर्वक, निवेदन
क र ने में,
आ न न्द
मानता
हुं.

चरणानुचर आज्ञाधीन

सेवक,

शंकरजी सुत घनश्याम पखावजी.

॥ जीवनी ॥

॥ श्रीकृष्णायनमः श्रीमद्गोपीजन वल्लभायनमः राज्य उदेपूर देश मेवाड मुकाम श्रीनाथद्वारा श्रीमदखंड भूमन्डलाचार्य वर्य चक्र चूडामणी श्रीमद्वल्लभाचार्य कुल भूषण श्रीगद्दो-स्वामी तिलक माहाराजा धिराज श्रीमन्नाथदुवारा धीस श्री श्री १०८ श्री बडे गिरधारीजी माहाराजने कृपाकर मेरे प्रपिताजी श्रीपूज्य श्रीवल्लभदासजीको सप्रेम सुभ संवत १८९९ में श्रीनाथद्वारा बुलाकर श्रीगोवर्धनधरण प्रभूकें शानिध्य पखावज बजाने की सेवाकी आज्ञा दी की जिस्को अपना माहा भाग्यमानकर सेवा करने लगें—

आदि रहना हमारा [आमेर] जयपूर राजपुताना ढुंढार देशमें जोकि एक बडा भारी राजधानी का शहर हें जहाँ के प्राचीन राजा माहाराजा श्री श्री १०८ श्रीसवाइ जयसिंहजी बडे प्रतापी सूरवीर और धर्मात्मा हुवे हैं के जिन्होने संवत्. १७५६ साके १६२० मे अपने नाम सें जयपुर सहर बसाया जिस्का इतिहास राजस्थान [टाटसाब] का देखो दिल्लीपति बादसाह ओरङ्गजेबको जीतना विगेरह सब बाते प्रसिद्ध हें ओर अबभी वेसेही युक्त स्थानके अधीश्वर हैं कि जयपुर नगर की शोभा प्राचीन समयसे भी बागबगीचा जलासय ओर अनेक पदार्थो से बढा रहे हें हमारे पुर्वज भी इस नगरमे पहले निवास करते थे ओर उन्होने अपनी साङ्गीत विद्यासे श्रीमान्य श्रीजयपुर नरेशो को प्रसन्नकर उन्होसे कितनेही आम इनामें प्राप्त की थी कि आजभी हमारे कितनेक भाइबन्धु वहाँपर निवास कर ओर प्राप्त किये हुए गाम विगेरह आ जीविका उप भोग कर रहे हें संवत् १७९१ साके १६५६ में हमारे प्रपिता मह श्री ५ श्री रूपरामजी पखावजी—जयपुरसे [जोधपुर नरेश श्रीमान्य माहाराजा धिराज श्री १०८ श्री अभयसिंहजी की प्रेरणसें] जोधपुर आए श्रीमान्य जोधपुर नरेश को साङ्गीत विद्या का पूर्ण प्रेम ओर औदार्यता भी उस्के साथ अपना पूर्ण जोस देती थी—ओर वीरताभी जग प्रसिद्ध हैं कि गुजरात देशको अपनें आधीन कर इन्द्रके तुल्य राजधानी का सुख सम्भोग करते थें साङ्गीत विद्याके जानने वाले गुणीजन गवैया पखावजी बीनकार सरोदिया तथा कत्थक नाचका विगेरह ये अपूर्व आनन्द प्राप्तकर अभय दुदांइ फिराने थे जो वहापर पखावजी

श्रीरूपरामजी मेरे बड़े प्रपितामही की वाद्य विद्याका परिचय देनेको आज्ञा दीगइ उस आज्ञाका स्वीकार कर वाद्य विद्याका प्रकास किया जिस्से श्रीमान विसेस प्रसन्न हुए ओर प्रशन्नता के निदर्सनार्थ अच्छा इनाम दिया ओर अपने पास रखलिये रूपरामजी को ताण्डव नृत्य की परणें जोकि श्रीराधा कृष्णने तथा श्रीमाहा देवजी पार्वतीजीने डिमरु पर अपने २ नृत्य के समय मुखारविन्द से बोलते हुए घूंघरु द्वारा चर्ण कमलोसे (नृत्य) कियाथीं परणें सब तालोकी मुहसे बोल पखावज मे बजाते थे उनमें की कितनीक परणें इस पुस्तक मे प्रकास की हैं इस प्रकार रूपरामजी जोधपूरमें आनन्द पूर्वक निवास करते रहे. कि सम्वत् १८२६ में मेरे प्रपिताजी श्री ५ श्रीवल्लभदासजी का जन्म हुआ, वेसे तो वल्लभदासजी बाल्य कालसे ही आपने अपने पितृ चरण के द्वारा अपनी विद्यामे अच्छी उन्नती कीथी लेकिन जब करीब उम्मर २१ सालकी हुइ तब अपने पिताजी की उम्मर वृद्ध होगइ थी इसलिये राजसभामें भी विशेस कर आपही जाते थे ओर वहाँ अपने अनेक प्रकार गुण दिखाते उस राजसभामें पखावजी पहाडसिंहजी भी रहते थे उन्होने इनको चतुर ओर योग्य समझकर अपने दिलमें समझते थे की भविष्य में यह अच्छी उन्नती प्राप्त करेगा वाद्य विद्यामें—पहाडसिंहजी देहली का बाज बोहोत अच्छा बजाते थे तो वल्लभदासजी कुछ तो पहाडसिंहजी की सेवाकरके कुछ निगाहसे ओर कुछ उनके लडके जुहारसिंह को अपना दोस्त बनाकर ताले—या—परणें हांसिल किया इतना लिखने का कारण यह हैं कि पहाडसिंहजी के बोहोत से शागिर्द थे परंतु जो सचे दिलसें किसी शागिर्द को नहीं बताते थे: सिवाय अपने लडके के सत्य हैं गुणी लोग कहते भी हैं (कि बतावेतो अपने लडके को नहीं तो हृदय में ही रखना योग्य समझते) क्योंकि कालके प्रभावसें गुण चोर गुरु की निन्दा करनेवाले शिष्य बहुत उपस्थित होतें हैं ओर येही भारतीय प्राचीन विद्याओंका लोप होनेका मूल कारण हें. परन्तु मेरे प्रपिताजीने तो उनको ही मुख्य माना [उस्ताद ही के तुल्य कर माना] ओर अपने पुत्र श्री शंकरलालजी के जो मेरे परम पुज्य श्री पिताजीथे उनको भी कहाकर तेथे कि मेनें अपने परम्परा की विद्या के सिवाय जो कुछ भी थोडी बोहोत वाद्य विद्या प्राप्त की सो उन्ही का सुभासीस हें ओर श्री पिताजीने मेरे उपर कृपा कर सब हाल विदित मुझको किया जिस्से मैंने भी इस

उस उपर लिखे शुभ सम्वत् १८५९ में पखावजी श्री ५ वल्लभदासजी को जोधपुरसें [माहाराज श्रीमद्गोस्वामी श्री १०८ श्री बडे गिरधारीजी माहाराजने] सप्रेम श्रीनाथद्वारा बुलाकर श्रीमद्गोवर्द्धन धरण प्रभू सान्निध्य पखावज बजाने की आज्ञा दी के जिस्को अपना माहा भाग्य मान सेवा करने लगे कुछ अर्से बाद वल्लभदासजी ने जोधपुर पहाडसिंहजी को पत्र लिखा कि आपने सब उम्र राजस्थान मे रहकर पूरीकी ओर अनेक राजा महाराजाओ को अपनी वाद्य विद्या का परिचय देकर प्रसन्न किये परन्तु कभी श्रीगोवर्धन धरण प्रभूकी मोहनी मूरत के दरसण कर इनके चर्ण कवल में आपकी पखावज (मृदंग) वादन सेवा निवेदन कर इस भवसागर से उद्योत होनेका उपाय नही किया होगा ओर येही करना इस विद्याका मुख्य उद्देस हैं इस पत्रके प्राप्त होते ही पहाडसिंहजी श्रीनाथदुवारे आए उसवक्त श्रीनाथ द्वारामें पूर्ण प्रतापी श्री माहाराजाधिराज श्री १०८ श्री दाउजी माहाराज विराजते थें संम्वत् १८७७ में पखावजी पहाडसिंहजी को श्रीकी पखावज की सेवा भलायकर विदेस यात्राके वहानेसे वल्लभदासजी बडोदाकी तरफ चले गए उसवक्त बडोदामें श्रीमान गायकवाड सरकार श्री १०८ श्री सीयाजीराव काराज्यथा कि जिन्होको साङ्गित विद्याको विशेष प्रेम था ओर उन्ही श्री मान बडोदानरेस के पासमें जयपूर निवासी विष्णुदासजी देवादासजी कामदार थें के जिन्होंने वल्लभदासजीको बोहोत आग्रह के साथ उनके योग्य* उत्तम प्रकार की वेतन विवस्था कर वहाही रखलिये, थोडे समय बाद वल्लभदासजीने श्रीनाथद्वारे आनेकी इच्छा की परन्तु श्रीमान गायकवाड सरकार ने उनको रजा नही दी, तब श्रीनाथद्वार से श्रीमान गायकवाड सरकारके पास पत्र पहुचा तब श्रीवल्लभदासजी को वहासे श्रीनाथद्वारा आनेको उत्तम वस्त्र आभुषण विदागिरी के साथ रजादीगई—संवत १८८१ मे वल्लभदासजी श्रीनाथद्वारा आयकर फिर श्रीनाथजी की पखावजकी सेवा करने लगे ओर पहाडसिंहजी जोधपूर रवाना हुऐं—

श्री वल्लभदासजीके तीन पुत्र हुए जेष्ट पुत्र श्री ५ श्री चतर्भुजजी उनसे छोटे मेरे परम पुज्य तीर्थस्वरूप पिताजी श्री ५ संकरलालजी के जिन्होका जन्म शुभ सम्वत् १८८६ के असाढ कृष्ण ८का हुआ ओर उनसे छोटे सर्वोपमा योग्य काकाजी श्री ५

---

* तीन रुपैये पावाभाइ रोजीना करीबें

खेमलालजीका जन्म सम्वत् १८८९ मे हुआ, श्री चत्रभुजजी उदेपुर मे निवास करते रहें. ओर परम पुज्य पिताजी श्री ५ श्री संकरलालजी जबसे हुसियार हुऐ तबसेही श्रीनाथजी की पखावज बजानेंकी सेवा करने लगे, ओर काकाजी श्री खेमलालजी व बडे भ्राता श्री संकरलालजी के पास रह कर साङ्गीतवाद्य विद्याकी उन्नती के लिये प्राचीन ग्रन्थोको देखना ओर मात्रा भेद गिणतकार तथा बडी बडी तालोंका संग्रह करनार इत्यादि कार्यमे प्रवर्त रहने लगे. अब सम्वत् १९०६ में श्री वल्लभदासजी हरि-चर्णार्विन्द मे प्राप्त हुए, ओर पिताजी श्री संकरलालजी श्री गोवर्धन चरण प्रमुखी पखावज बजानेकी सेवा करणे लगें, सम्वत् १९११ मे श्री मद्गोस्वामी श्री १०८ श्री व्रजनाथजी माहाराज जामनगर निवासी श्री नाथद्वारा श्रीनाथजी के दरसणार्थे पधारे ओर साङ्गीत विद्यापर बडीही आसक्तीथी इसी कारण उनके साथमें गुणवान पुरुष थें श्रीद्वारकानाथलालजी माहाराज तथा आदितरामजी पखावजी जोकि साङ्गीत विद्या को जान्ने वालें थें तो यह पुरुष श्रीनाथजी के दरशण कर सब आप अपने २ गुणको श्री सेवायें निवेदन करने लगे उस समय मेरे पिताजी श्रीसंकरलालजी ने भी नित्य प्रतिकी नियमित वाद्यविद्या की सेवा श्रीके सान्निध्यमें निवेदन की, कि उसको सुनकर सब प्रसन्न हुए ओर विशेष प्रशन्साकी, मेरे काकाजी श्री खेमलालजी ने भी बडी २ तालोका तथा मात्रा भेदके विषयमे कुछ चरचा चलाइ के जिस्को सुनकर श्रीमान श्रीवृजनाथजी माहाराज ने आज्ञादीनीके कलरानभोग आरती भये पीछे श्रीद्वारकानाथजीके मन्दिरमे सब गुणीजन आओं के जिस्से यहां पर कछु समय निवृत्तीपूर्वक इसविषयमें चरचा होसकेगी, आप श्रीकी आज्ञानुसार दुसरेदिम राजभोग आरतीके पीछे श्री द्वारकानाथजी के मन्दिरमें सब उपस्थित हुवे इस सभामें श्रीमद्गोस्वामी श्री १०८ श्री व्रजनाथजी माहाराज तथा श्री मद्गोस्वामी श्री १०८ श्री गोकुल उत्सवजी माहाराज तथा श्री द्वारकानाथलालजी भट्टजी माहाराज बाल मुकन्दजी तथा श्रीनाथजीके बडे किरतनीया दोलत रामजी. बीन कार घनस्यामजी तथा गवइया रामदासजी साधु दतीया झांसी निवासी गवइया बिहारी दासजी कोटाके तथा राजेसुरजी दक्षणी पण्डित (गवइया) रणछोडजी पखावजी श्री नवनीत प्रियाजीके तथा किरतनीया सुंदरदासजी, गिरधरजी सिवलालजी बालकृष्णजी प्रभृती कीरतनीया तथा अन्य

अन्य भी बोहोत से गुणीजन ओर श्रोता सज्जनथें उसी सभामें मेरे पिताजी श्री संकरलालजी तथा काकाजी श्री खेमलालजी के ओर जामनगर निवासी पखावजी आदित्तराम. जीके मात्राओंके भेद तथा तालों के विसयमें बोहोत समयतक सम्बाद होता रहा, चार बंज के सुमार में श्री के उत्थापनका समय होनेपर श्रीमद्गोस्वामी श्री व्रजनाथजी माहाराज मेरे पिताजी पर तथा काका श्री पर बोहोत प्रसन्न हुये, ओर

आप श्रीमान गादीपर से खडे होकर अपने श्री हस्त सो इन दोनो की पीठ ठोक कर धन्यवाद देते हुए सुभ आसीर्वाद दिया कि तुमने जो यह साङ्गित वाद्यविद्यामें परिश्रम किया वो तुमारा सुफल हों ओर तुह्मारे वंशपरम्परा श्री की सेवा करते रहें तथा श्रीद्वारकानाथ लालजी माहाराज प्रभृती गुणी जनोने के जो सभामें उपस्थित थें बोहोत प्रशन्न होकर प्रशन्सा करते रहे. ओर आदितरामजी पखावजी ने भी श्री माहाराज सो विनय किया कि शङ्करलालजी ने तथा खेमजी ने जो यह मात्राभेद ओर तालोंके विसय में जो कुछ कहाहे वो बोहोत ही अच्छी तरहमें वाद्य सास्त्रनुसार कहीं हैं

अब उन्ही माहात्मा ओंके [श्रीव्रजनाथजी माहाराज] सुभ आसीर्वादसें पिताजी श्री शङ्करलालजी ने श्रीमान जोधपूर नरेश श्री तख्तसिंहजी तथा श्रीमान जसवंत सिंहजी से भी उत्तम इनाम प्राप्त की के जिस वखत जोधपूर में गान विद्यामें कुसल गवइयां गुलाम रसूलजी ओर भी उपस्थित थें, ओर श्रीमान उदेपूर नरेस्य हिन्दवा सुरज जी साहाब श्री १०८ श्री सङ्गुपसिंहजी तथा माहाराणाजी साहाब श्री १०८ श्री शंभुसिंहजी से भी कइवांरीया इनामें प्राप्त की सम्वत् १९३३ में श्रीमान डूंगरपूर रावलजी साहाब श्री ९ श्री उदयसिंहजी श्रीनाथद्वारा श्रीनाथजीके दर सणार्थ पधारे के जिसवक्त मेरे पीताजी श्री सङ्करलालजी श्रीनाथजी के आगे पखावज बजारहे थें उस समय श्रीमान रावलजी साहाब पखावज सुनकर बोहोत प्रशन्न हुए तो पीताश्री कों अपने डेरेपर बुलाए ओर वहापर इनकों पोशाक तथा कडे जोडी सुवर्णकी नार मुखी और कुछ नकद रुपे इनाम मे दीया, ओर बोहोत प्रशंसा कर कहा के इसी पोसाक तथा कडे पहरकर आजके दिन श्रीनाथजीके सन्निधान पखावजकी सेवा करो, मेरे पिताजीने श्री मान की आज्ञा नुसार किया के श्रीके सन्मुख भोगके समय पोसाक कडे पहन कर पखावज बजाइ के जिस्को देखने वाले बोहोतसे आदमी अभीतक हयात हैं.

उसवक्त मैं भी सात आठ बरसका था. मेरा जन्म सम्वत् १९२६ के जेष्ट कृष्ण ८ काहे तो यह पोशाक कडे पहने हुवे श्री नाथजी की सेवा पिताजीको करते हुवे मैंने भी अच्छी तरह से देखे हें ओर एसेही एक समय झालरा पाटण नरेश श्री ५ पृथ्वीसिंहजी श्रीनाथद्वारा आए तो उन्हो से भी कडे मोती पोशाक विगेरह इनाममे प्राप्त हुवें—ओर मेरे काकाजी श्री ५ खेमलालजी ने मृदङ्गसागर का पुस्तक रचना प्रारम्भ किया के जिसमे बडी बडी तालोंके चक्र मात्रा भेद साहित संग्रह करते कितनाकतो प्राचीन ग्रंथो से कितनाक नुयाबना कर उनके बडे पुत्र श्यामलालजी से लिखवाते रहें, मेरे काकाजी श्री खेमलालजीके दो पुत्र थें जिनमें जेष्ट श्यामलालजी ओर कनिष्ट रघुनाथ के जिनमे से इसवक्त एक भी हयात नही हें सिर्फ श्यामलालजी के एक लडका विठ्ठल नाम का हयात हें, संवत् १९३३ मेही एक समय मेरे पिताजी श्री ५ सङ्करलालजी फेर उदेपुर गए ओर वहाँपर गोवर्धन विलासमें श्रीमान् माहाराणाजी साहब श्री मेवाड हिन्दुपती श्री १०८ श्री सज्जन सिहजी के समक्ष गाना बजाना हुवाके उस समय गांन विद्यामे कुशल गवइया सध्धू खाँजी त्था आवा दानजी काले खाँजी के साथ मेरे पिताश्रीने अपनी पखावज की वादन क्रिया प्रकाश की के जिस्से श्रीमान बोहोत ही प्रसन्न हुए ओर उत्तम इनाम प्रदान किया, ओर दारोगाजी रतनलालजी महमानीजी से फरमाया की सङ्करजी पखावजी को कृष्णगढ बरात मेले चलो तब दारोगाजीने हुकम सुनाया की तुमको कृष्णगढ चलना होगा. ओर तुह्मारे लिये सब प्रकारका उत्तम बंदोबस्त करादीया जावेगा—मेरे पिताश्रीने इस आज्ञाके उत्तरमें विनन्ती करी के मे श्रीनाथ द्वारा जाकर श्री माहाराज साहब की आज्ञा लेकर अवश्य उपस्थित होउगा, श्री मान- माहाराणाजी साहब कृष्णगढ अपने विवाहके सुभकार्य के लिये पधारते थें इस लिये सांगीत विद्या के जाननेवालो का आग्रह था, ओर पिताश्री को भी एसे सुभ कार्य मे आने का पूर्ण उत्साह था. के जिस्से वे एकदम उदेपुर से नाथद्वारा आने को रवाना हुए के जिसवक्त मै भी छोटी उमर का उनके साथ घोडेपर बेटा. हुवा चला आ रहाथा रास्तेमे श्रीइकलिंगजी माहादेवजी के स्थान पर आए ओर शम्भूके दरसण कर वहापर विश्राम किया ओर कुछ विजया देवीका आदर किया—वहासे पुनः प्रयाण किया आगे चलते मार्ग मे वायुके वेगके साथ वर्षा सरु हुइ के जिस निमत्त से

वहासेही मेरे पिता श्रीकी प्रकृती कुछ अस्वस्थहोगइ ओर कुछ चित्त भ्रम भी हुवा भगवद इच्छा बलवान हें की कृष्णगढकी अभिलासा उनके हृदय मे ही रहीं, और यह कष्ट प्राप्त हुआ. मालुम हुवाकी श्री नाथजी की इच्छा उनको सेवा छोडाकर कृष्णगढ जाने देनेकी नहीं थी, एसे समयमे ही एकदम मेरे काकाजी श्री खेमलालजीको जिनका मेरे पिताजीको पूर्ण विश्वास था उनको सिंसमज्वरने ग्रसित कर लिये ओर थोडे ही दिन मे उसी निमित्तसे वे संवत् १९३४ मे श्रीप्रभुचर्णार्विन्द मे प्राप्त हुवे, ओर उनको जेष्ट पुत्र शामलालजीके जो मृदंगसागरका पुस्तक लिखते थे वे अपने पिता श्री खिमजी की उत्तर क्रिया पूर्ण कर आप भी अपने पिताश्री के पूर्ण प्रेमका परिचय देते हुवे उनके पीछे ही उनकी सेवाके लिये इस लोकको त्याग कर स्वर्ग मे उपस्थित हुवे—उस समय मेरे पिताश्री संकरलालजीका दुःख अवर्णनीय था क्योंकि एकतो उनकी स्वयम् चित्तभ्रम दिशा दुसरा विद्वान भ्राताके उस समय मृत्युका शोक, ओर भी हुआ भतीजेकी दुरघट घटना, एसे समयका दुःखानुभव उन्हींको होता हे के जिनको एसे समयका कुछ परिचय हुवा हो, मनुष्य सर्व सहन करता हे संसारका यही स्नेह परिणाम हे ओर इसीसे दीनवनकर भगवद् इच्छाबलवान् मानकर सन्तोसकरनाही न्याय गिनागया हैं इस न्यायसे जेसेवनसका सन्तोष मान धैर्यका अवलम्बन किया. इस लिये मुझे मेरे पिताजी श्रीकी सारवारमें अधिक लक्ष देना पडा, उसवक्त मेरी उमर ८—९ बरषकी ओर मेरे काकाजी खेमजीके छोटे पुत्र रघुनाथ की उमर २ बरसकी तथा स्वर्गस्थ स्यामलालजी के पुत्र विठ्ठल की एक बरसकी उमर थी अब आप सज्जन लोग विचारेंगे कि इस बाल्यावस्था मे हम क्या कर सकते थे मेरे पिताजी श्री की चित्त भ्रम दिसाके कारण यह मृदंग सागर का पुस्तक वेसेही रक्खा रहा. पिताजी श्री का चित्तभ्रम बराबर ७ बरसतक रहा अब अनुचित समय आनेपर मेरी परमपूज्य तीर्थस्वरूपा मातुश्री ने मेरे पिताजी श्री से विनय किया कि आपका चित्त विशेस भ्रमित होताहे तो कुछ समयके लिये तीर्थ यात्रा करने को यहासे विदेस को चलें विदेस के जल हवा प्रभूतीसे तथा विसेस कर श्री यमुनाजी के जलपान तथा स्नानदानादिक से श्री प्रभुकी कृपा द्वारा अवश्य आपका चित्त प्रसन्न हो जावेगा श्री प्रभु इच्छासे विदेस यात्रा का विचार निश्चय हुआ ओर मेरे पिताजी श्री सकुटंम्ब श्री नाथद्वारा से यात्रार्थ चले.

प्रथम श्री पुष्कर राजमें स्नांन कर मधुपुरी पहुचो वहापर श्री यमुनाजी मस्हाराणीजी का नरानकर पवित्र श्री गङ्गाजी मोरो घाट परस्नान कर प्रयागराजमे त्रिवेनी संगमपर स्नान दान यथा सक्ती कर काशीपुरी पहुचे—और काशीसे पुनः पुनाः तीर्थ स्नान कर गयाजी में जाकर पिण्ड श्राद्ध किया, गया गुरू श्रीयुत श्यामलालजी विठलजी को मालुम हुवा कि श्री नाथजी के पखावजी संकरलालजी गया श्राद्ध निमित आए है और पखावज वाद्यकी तारीफ सुनी हें इस लिये उन्होने गयाजी की यात्रा सुफल [विदाये के वखत का आसीर्वाद] में मेरे पिताजी से कहां की मेरे को तुह्मारे हाथ की पखावज सुन्ने की अभिलासाहें और वोही में तुमसे गुरू दक्षणा लउगा मेरे पिताजीने उनकी आज्ञा का स्वीकार किया और रात्री को उनके महल (निवासग्रह) पर जाकर परण पडार प्रभृती मुखसे बोलकर और पखावज में उत्तम रीतीसे बजाकर सुनाया. के जिस्को सुनकर बोहोतही प्रसन्न हुए और उत्तम इनाम देनेकी उदार्यता प्रकासकी, परंतु मेरे पिताजीने लेना योग्य न समझ कर विनन्ती की के आपतो गयागुरू हों आपका आसीर्वाद ही बोहोत हैं तबतो विशस प्रसन्न होकर आसीर्वाद दीया के तुह्मारा चित्त प्रभु कृपासे प्रशन्न हो, फिर वहासें मिर्झापुर के स्टेसनपर आये के जिसवक्त स्टेसन मास्टर बेठे हुवे सित्तार बजा रहे थें परिचय होनेपर तबल जोड भी मगाली गई फिर पिताजी श्री संकर लालजीने तबले पर ही अपनी वाद्य विद्याका प्रकास किया के जिस्को सुनकर बाबुजी बोहोत ही प्रसन्न हुए और सीघ्र ही बडे साहाब को कोठी पर तार कीया की तार पहुचते ही बडे साहाब वहा पर आए और सुनकर उन्हो को भी बोहोत प्रशन्नता हुइ और अच्छा इनाम दीया और सेकण्ड कुलास की गाडीमें बेठा सबको पटने तक पहुचा दीये, पटने मे श्रीयुत नवनीत बाबुसे मिले के जो स्वयंगान विद्यामें कुशलथें बाबुजीने मेरे पिताजीकी पखावज सुनकर प्रशन्नता पूर्वक प्रशन्सा करते हुए रुपे १०१) और उत्तम सेला विदागिरी का दीया वहापर औरभी कितनेक गुणी जनोंसे मुलाकात हुइ फिर वहासे काशीपुरीको आए काशीमे गौस्वामीजी माहाराज श्री १०८ श्री जीवन लालजी माहाराज तथा श्रीके दरसन कर उनकी सेवामे अपनी विद्याको निवेदन किया. माहाराजश्री श्री जीवनलालजी स्वयं पखावज बजाते थे और पहले श्रीनाथद्वारा पधारे

तब मेरे काका श्री खेमजीसे पखावज सम्बन्धी कितनेक विषयका आपने परिचय भी कीया था. वहापर साङ्गीत विद्यामे कुसल सितारीया राजपेठजी गनेसासिंह पखावजी. वारस अलीखां बीनकार प्रभृती एकत्रितहुए ओर उन्होने जदनी २ साङ्गीत विद्याका परिचय दीया ओर मेरे पिताजीने भी अपनी वाद्यविद्याका द्योतन किया के जिस्से सबगुणी जन प्रशन्न हुए. फिर वहासे विदाइ हुइ बाद अयोध्या आए वहासे दरस परसकर फिर लखनउ होते हुए मथुराजी आए मुथरामे सेठजी श्री ५ लक्ष्मीदासजी से उत्तम इनाम प्राप्तकर कृष्णगढ आए ओर कृष्णगढ नरेस श्री १०८ से इनामप्राप्त करते हुए श्रीनाथद्वारा आए जिसवक्त यात्रा करके आए उसवक्त मेरी उम्मर १३ वरसकी हुइ मेरा विवाह भी किया ओर पिताजी अपनी वाद्य विद्याका भी प्रदान करते रहें तथा इस पुस्तक का प्राचीन विषय तथा अपना प्राचीन वृन्तात भी सुनाते रहें मेरे पिताजी के आठनो बालक हुए किन्तु प्रभु इच्छासे एक मेरी बडी बहन तथा मैं दोइ सन्तान उनके संतोषार्थ बाकी रहें इसी कारण मेरे उपर उनका विशेष प्रेम रहता था. सम्वत् १९४४ मे अहमदाबाद सहर के निकट आसारवे ग्राम मे प्रभूके पूर्ण भक्त श्री भायला कोठारीजीके स्थानपर श्री ९ श्री १०८ श्रीमदखण्ड भूमण्डलाचार्य चक्र चुडामणी तिलक परम कृपालु श्री गोस्वामीजी श्री विट्ठलनाथजी [गुसाइजी माहाराज] की बेठकजी है, वहापर श्रीमद्गोस्वामी श्री वृजरायजी माहाराज तथा उनके चीरंजीव लालबावा श्री बालकृष्ण लालजी माहाराज ने श्री नटवरलालजीको अहमदाबाद सहरसे बेठकजीमे पधरायके छप्पन भोगका मनोर्थ किया तब मेरे पिता श्रीको भी कृपा पत्रद्वारा बुलानेसे गए ओर आनन्द पूर्वक मनोर्थ के दरसन कर श्रीकी पखावज की सेवाकर माहाराज से आज्ञा लेकर बडोदा देखने की इच्छासे वहासे बडोदा गए उसवक्त बडोदामें बडाल्हेवाले गोस्वामी श्री गोपाललालजी माहाराजविराजने थे आप श्रीकी आज्ञासें वहांपर एक दिन गुणीजनों की सभा हुइ ओर उस सभामे मेरे पिताजी श्रीने वाद्य विद्याका प्रकास किया इस सभामे वहांके सुप्रसिद्ध पखावजी नासरखांजी बीनकार मोला बक्षजी इत्यादि उपस्थित थे वे सब मेरे पिताजी श्रीकी पखावज सुनकर प्रशन्न हुए ओर मोलाबक्षजीने मेरे पिताजी से पुछा कि आप कहाँ के निवासी हें मेरे पिताजीने उत्तर दिया कि मैं श्रीनाथद्वारा, तबतो उन्ने कहा की नही नही (कुछ हास्यसे)

कहीं लंका परलंका, कारण यह है कि श्रीमान गायकवाड सरकार श्रीमल्हाराव इन विद्यामें पूर्ण आश्रयदाता प्रेमी और ज्ञानी के जिनक्त कभी नहीं आए यदि एक दफे भी उस समय आते तो देखते की आपके गुण की कैसी कदर होती हम लोग तुम्हारे गुणसे बोहोतही खुसीके साथ धन्य वाद देते हैं परन्तु उन सरकारके समयन आनेका अफसोस हैं खेर मालककी मरजी फेर गोस्वामी श्री १०८ श्री गोपाललालजी माहाराजने सर्व समक्ष अच्छा इनाम दिया और उन गुणीजनोकी सिपारससे श्रीमती महाराणी श्रीजमनाबाइ से भी अच्छा इनाम प्राप्त किया फिर वहासे सूरत होते हुए मुम्बइ देखकर फिर श्रीनाथद्वारा आए फेर श्रीनाथद्वारासे एक वक्त उदेपुर गए वहां पर हिन्दुपती माहाराणाजी साहब श्री १०८ श्री फतेहसिंहजी साहेबसें भी अपनी वाद्यविद्याद्वारा प्रसन्नकर इनाम प्राप्त किया उसके अनन्तर मेरे पिताजी कहीं भी विदेसनही जासके कारण वृध्यावस्थाभीथी और उनको यह अन्तिम अवस्थामे श्रीकी सेवा छोडकर अन्यत्र जाना भी अच्छा नही लगता मेरे परमपुज्य पिताजी श्री ९ मङ्गललालजी सम्वत् १९५० में श्री भगवद्चरणारविन्द मे प्राप्त हुए, और उनके तरफकी श्री मद गोवर्धन धरणकी पखावजकी सेवा श्री मद्गोस्वामी माहाराजाधिराज श्री गोवर्द्धन लालजी माहाराजनें कृपाकर मेरेको करनेकी आज्ञादे कर अनुग्रहित किया के जिस्को मै अपना माहाभाग्य मानकर सेवा करने लगा इसवक्त श्री गोवर्द्धनधर प्रभूका चरण रज प्रतापसे बुजर्गोका वंश रखनेके कारण चीरंजीव पुरुषोत्तमदास दीया हें श्री प्रभू श्री मद्गोवर्द्धन धरण हमको उनपूर्वज महत पुरुष की प्रदान की हुइ विद्याको विशेस वृद्धी करनेका सुअवसर प्राप्त करनेकी तथा हमारी मती निर्मल कर सदा श्रीकी सेवामें उपस्थित रहने की कृपा करे येही श्रीसें प्रार्थना हें इति शुभम्

आपका अनुग्रहित सङ्करजी सुत घनश्याम पखावजी.

———:•:———

॥ प्रस्तावना ॥

वर्तमान समयमें प्रायः प्राचीन विद्याकी उन्नति बहुत कम मालुम पडती है. संगीत विद्या यह एक प्राचीन महर्षिगण प्रणीत विद्या है: के जिस्केद्वारा परमात्माको भी महर्षी लोग प्रसन्न कर, उन्की कृपाद्वारा यह भवसागरको सुखसे तर जातेथे. संगीत विद्यारूप सामवेदको गान परमात्माको हमेशां विशेप प्रिय है. श्रीमद्-भगवद्‌गीतामें श्रीपरमात्माकृष्णने, सामवेदको, अपनाही स्वरूप प्रतिपादन किया है ॥ वेदानां सामवेदोऽस्मि ॥ यह विद्या दुःखी और शोकग्रस्त मनुष्यकोभी, अपना अलौकिक प्रभाव दिखाकर शीघ्रही आनन्दमग्न कर सकती है.

संगीतशास्त्रमें गीत, वाद्य और नृत्य तीनोंका समावेश होता है.॥ गीतवादित्र-नृत्यानां त्रयं संगीतमुच्यते ॥ क्योंकि गानके साथ वाद्य और नृत्यकी आवश्यकता है शास्त्र आज्ञा करता है के 'वाद्य विना गान शोभित नहीं होता है.' इसलिये वाद्य तो संगीतमें प्रथमही है.

संगीतरत्नाकरमें वाद्य चार प्रकारके वर्णन किये हैं.॥ ततंमानद्ध सुषिरंच घनानीति चतुर्विधं ॥ और उन चार भेदोंका वर्णन भी इस प्रकार किया है । ततं वीणादिकं वाद्यं मानद्ध * मुरजादिकं॥ वंशादिकं तु सुषिरं कांश्यतालादिकं घनं ॥ यह चार प्रकारके वाद्यमेंभी पखावजादि (मृदंग) विशेष प्रचलित और मुख्य हैं; इस लिये उस्के संबंधी कुछ ज्ञान होना संगीतप्रेमी सज्जनोंको तथा अन्यविद्वान् सज्जनोंकोभी उपयोगी और आवश्यक है.

इस पुस्तकमें पखावज (मृदंग) संबंधी सब तरहका वर्णन शास्त्रानुसार उत्तम रीतिसे जहां तक हो सका किया गया है. काल विचार, (ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत

---

* मुरज नाम मृदंग (पखावजका हैं) अमरकोपके नाट्यवर्गमें पांचमें श्लोकमें लिखा है.

विजनद्रुत, अणुद्रुत, विराम प्रभृति) मात्राओंके चिह्न, सम, विषम, अतीत, अनाघात, संगीतानद्धकाभेद, गणेशपरण, शिव परण, श्रीराधाकृष्ण नृत्य संगीतपरण' प्रभृति संगीतकी सो सवासे परणे, मृदंगके मुख्य तथा आश्रित अक्षरोंका वर्णन, मृदंगमेंसे उन्की उत्पत्ति, मृदंगमें ज्योतिस्वरूपके दर्शन, परणपडार, मोहरे, टुकडे, बोलोंके भेद, तथा सविस्तार चक्र, कि जिन चक्रोंको विना मृदंगादि वाद्यके जाननेवाले दुसरे जलदी नहीं समज सकते हैं, उन्को इसमें एसी उत्तम रीतिसे लिखे हैं के, जिस्को थोडाभी बुद्धिमान् मनुष्य अच्छी तरहसे समज सकता है. और कितनेक जानवरोंके बोलोकी ध्वनिकी, जय शब्दकी, सलामीकी, मदोन्मत्त गजेन्द्रको रोकनेकी, पंचदेवकी स्तुतिकी, चोपडकी रेलकीध्वनिकी, तोपकीध्वनिकी प्रभृति परणें, और विष्णु तालका चक्र, अष्टमंगल, धमारका खुलासा, तथा अन्य एसेही अत्युपयोगी २०८—२२५ तालोंका समूह, विगेरा वर्णनका संग्रह एकत्र किया हुवा है, के जो पुस्तक देखनेसे सब सज्जनोंको विदित होगा! इस्के सिवाय और भी वहुतसी चीजें के जो मेरे पिता, प्रपिता, प्रभृतिके समयकी संग्रह करी हुई प्राचीन लिखित पुस्तकें द्वारा मेरेकोप्राप्त हुई है! उन्मेंकी थोडी चीजोंका वर्णनभी इस पुस्तकमें दिया है—क्योंकि पुस्तक बढ जानेके भयसे सबका समावेश नहीं हो सका है, समयानुसार बाकींका वर्णनभी प्रकाश किया जावेगा.

इस पुस्तकको देखनेसे, पखावज (मृदंग) संबंधी वहोतसा ज्ञान प्राप्त हो सकता है. क्योंके इसमे सब वर्णन पखावज संबंधी साविस्तर दियागया है के जिस्सें वजानेवाले सज्जनोंको भी सरलता प्राप्त हो सकती है. इस लिये इस्का नामभी **संगीतानद्धवाद्यविचारसंग्रह अर्थात मृदंगसागर** रक्खा है.

इस पुस्तकको प्रकाशकरनेका यह उद्देश है के, प्राचीन संगीतशास्त्रमें वर्णनकी हुई वाद्यविद्या (मृदंगादि) जो दिनप्रतिदिन लोप होतीजाती है, सो श्रीपरमात्माकी कृपासे कुछ उन्नतिको प्राप्त होवे, और संगीतविद्यानुरागी सज्जनोंको मृदंगादि सिखनेमें जो विशेष परिश्रम मालुम पडताथा, सो निकलकर, थोडे परिश्रमसेभी उन्का

उत्साह शीघ्र पूर्ण हो सके, तथा सिखानेवाले सज्जनोंकोभी सरलता रहे. यह हेतुका विचारकेही **श्रीमद्गोवर्द्धनधर प्रभुके** पखावजी, मेरे परमपुज्य, इस विद्याके प्रदानकर्त्ता, कृपालु तीर्थस्वरूप पिताजी शंकरजी तथा काका श्रीखेमजीने यह पुस्तक लिखनेका प्रारंभ किया था, किन्तु थोडाही लिखनेबाद मेरे काका श्रीखेमजीके जीवनका अंतआया, और उन्केश्रीप्रभु चरणमें प्राप्तहोजानेसे मेरेपिता श्रीका चित्तभी विशेप शोकग्रस्त रहनेलगा. मेरे पिताश्रीकी इच्छा इसग्रंथको पूर्णकरने कीथी, किन्तु संयोगवशात् कितनेक अनिवार्य कारण उपस्थित होतेरहे, कि, जिन विघ्नोंसे कुछ समय व्यतीत हो गया, और पुस्तक पूर्ण नहीं हो सका. पिछे पिछे उनने इस्को पूर्ण करनेकी अभिलाषासे हस्तमें लिया था; किन्तु भगवदिच्छा बलवान है. थोडेसे समयमेंही उन्के जीवनका अंतआया, और इस पुस्तकको पूर्ण करनेकी वासना को अपने हृदयमें ही रखकर श्रीप्रभुचरणमें प्राप्त हुवे. पश्चात् थोडा लिखा हुवा यह पुस्तक मेरे हाथमें प्राप्त हुवा, और मेंने उस्को मेरे वे परमपूज्य विद्यादाताओंकी शुभाशिषसे, उन्की अंत समयकी वासना पूर्ण करना मेरा कर्त्तव्य समज, पूर्णकिया; कि जिस्को, आज में उन विद्यादाताओंकी तथा आप सब सज्जनोंकी सेवामें प्रकाशकर निवेदन करनेको सफल हुवा हुं.


इस पुस्तकके प्रकाश करनेके पूर्व, संगीत विद्याके पूर्णज्ञाता, श्रीमान् परम कृपालु, श्रीमद्वल्लभाचार्यकुलभूषण, श्रीमन्नाथद्वाराधीश, महाराजाधिराज, गोस्वामितिलक श्रीश्री १०८ श्रीगोवर्द्धनलालजी महाराजके चरणकमलोंमें सप्रणाम शुद्धान्तःकरणद्वारा, अनेकानेक धन्यवाद निवेदन करताहुं, के जिन कृपालु श्रीमान्ने इस पुस्तकको प्रकाश करनेमें, सहर्ष पूर्ण सहायता प्रदान कर मेरेको विशेप उपकृत किया है. तथा संगीत विद्यानुरागी परमकृपालु श्रीमान् आचार्यवर्य्य, गोस्वामि श्री श्री १०८ श्री कांकरोलि महाराज श्रीबालकृष्णलालजीके चरणकमलोंमेंभी, सप्रणाम शुद्धान्तःकरणद्वारा, अनेक धन्यवाद निवेदन करता हुं के जिन कृपालु श्रीमान्ने इस पुस्तककी लिखीत प्रतिका अवलोकनकर, अपने आशीर्वादात्मक वचनोसें, पुस्तकको प्रशंसनीय तथा छपाने योग्य कह कर अपने शुभ हस्ता-

क्षरोंसेशोभित आज्ञापत्र (सम्मतिपत्र) द्वारा, मेरेयह पुस्तक प्रकाश करनेके उत्साहको, वृद्धि किया है. और मेरे पूर्वज पिता, प्रपिता, प्रभृति, के जिनोंने, इस विद्यामें पूर्ण ज्ञानप्राप्तकर अपनी इस विद्याका परिचय अनेक विद्वान् सज्जनों को तथा राजा महाराजाओंको दियाथा. उन्का थोडा जीवनचरित्रभी सब सज्जनोंके परिचयार्थ इसपुस्तकमें प्रकाश किया है.

अंतमें में अपने परमपूज्य पिताश्री, तथा काकाश्रीका शुद्धान्तःकरणद्वारा उपकार मानताहुं. तथा सब विद्वज्जनोंसे प्रार्थना करताहुं के, इस पुस्तकके विषयमें यदि कोई प्रकारकी न्यूनता मालुम पडेतो उस्को क्षमा करेंगे, और उस्में जो कुछ साररूपगुण होवे, उस्कोग्रहण कर मेरे परिश्रमको सफल करेंगे. क्योंकि ॥ सर्वः सर्वं न जानाति ॥ इस न्यायसे सब वस्तु सबकोई नही जानता है. और गुणीजनोंकातो यही स्वभाव है, के. गुणको ग्रहण कर दोषको छोड देवें। हंसो यथा क्षीरमिवांबुमध्यात् ॥ इतिशुभम् ॥

शुभमिति १९६८ कार्तिक शुक्लपक्ष ११

आपका कृपाभिलाषी
शंकरजी सुत घनश्याम पखावजी
(श्रीनाथद्वारा–मेवाड)



॥ श्रीनाथजी ॥

श्रीकृष्णायनमः ॥ इस ग्रंथका नाम संगीतानद्ध वाद्य विचार का कारण यह हे–संगीत कहने सें तीन भेद होते हे १ गीत २ वाद्य ३ नृत्यः तो दुसरा भेद वाद्य हे–अव वाद्यमें फेर चार भेद हे । श्लोक ॥ ततानद्धं सिखरं च घनानीति चतुर्विधं । ततो वीणादिकं वाद्यं मानद्धं मुरज्ञादिकं ॥ वंशादिकं तु सुखिरं कांस्यतालादिघनं ॥ ॥ अर्थ ॥ ततः आनद्धं सुखिरं घन्न । यह चार भेदे हें । ततः के वाद्य–वीन–तंबुरा सीतार ईत्यादि ॥

आनद्धं वाद्य–मुरज्ञ (मृदंग) दुंदुभि (नकारा) ढोल ढोलक ई० सुखिर वाद्य–वन्सी, महुअर, सेनाय, भेरी इत्यादि–

घन्न वाद्य ॥ झांझ, झालर, घंटा, घडीयाल, घुघरु इत्यादि । तो हमारा अव दुसरा नम्बर (आनद्ध वाद्य) विचार का ग्रंथ हे इस्से इस पुस्तक का नाम संगीतानद्ध वाद्य ग्रंथ लीखा है ।

१ दोहा ॥ गीत निरुपन जें कीयों सुहें वाद्य आधीन ॥ याते वरनत वाद्यकों रीझे जाहि प्रवीन–

॥ श्रीनाथजी ॥

पहले इस ग्रंथमें मात्रा प्रमाण लीखें हे की जिस्से आगे तालोका हीसाब ठीक तोरपर देखा जाय ॥ मात्रा कीसको कहते हे । ओर ताल के से बनी हें–

दोहा ॥ पुराणे ग्रंथोका आशय लीया गया हें ॥ सो कहते हें ॥

॥ शंकर कहेत्त कारकोः ऊमीया कहेलकार ॥
॥ शिव शक्ति सयोंगतेः होत ताल विस्तार ॥ १ ॥
॥ ऐक कमलदल वेधे जबलोः छिन प्रमान कहेत वलो ॥ २ ॥
आठ छीननकों ऐकलव होईः आठलव ऐककाष्टा जोई ॥ ३ ॥
आठ काष्टा ऐक निमेषः आठ निमेष नकला निमेष ॥ ४ ॥

कला युगल सो हो तु हें चत्रु लगि पुनि ऐक ॥
त्रुटीताहीं को कहत हे चित्तमें करि सुख टेक ॥ ५ ॥
चत्रुलगि द्वेसो अणुमानः द्वे अणु सो द्रुत कहें सुजान ॥ ६ ॥
द्वे द्रुतको पुनि लघु हे होतुः द्वे लघुले गुरु करे उद्योतु ॥ ७ ॥
कहे तीन लघू प्लुत निरधारः जे जानत हें काल विचार ॥ ८ ॥

॥ ऐक कमल की पाखडी को सुई के अग्र भागसें छेदन करनेमे जो समय लगता हें ऊसको ऐकछिन कहा जायगा–ऐसेही आठ छिनका ऐक लव होवेगा ओर आठ लवकी ऐक काष्ट । ओर आठ काष्टका ऐक निमेषि ओर आठ निमेषिकी ऐक कला होती है. ओर दो कलासो ऐक त्रुटी (चतुलगि) ओर दो त्रुटी सो ऐक अणु होवेगा तव दो अणुसे ऐक द्रुत जानो ओर दो द्रुतसों ऐक लघू होता है ॥ ऊसको ह्रस्व भी कहा जायगा ॥ ओर दो लघूसों एक गुरु होवेगा–जिस्को दीरघ भी कहेगे ओर तीन लघू सो ऐक प्लुत होवेगा. ईस्के आगे काक पद भी होता हे परंतु तालोमें ऊस्का थोडा काम पडेगा हा कुछ समके पीछे या कोई काट त्राछकी परणोमें तोवोभी आगे दीखा दीया जायगा आगे जो तालें वनी हें या कोई वनाई जायगी तो ईन्ही ह्रस्व दीरघ प्लुत द्रुत ओर अनुद्रुत में वनेगी सो कोई भी ताल नही मालुम होगी तो इस ग्रंथके देखने मुताविक जीस ताल का चक्र होगा ऊसमें सें थोडासा परिश्रम करने में परिश्रम सुफल होगा कीतनी तालोमें तो पहेली तालो पे सम हे ओर कीतनी तालों मे वीचकी तालपें सम होवेगा ओर कीतनी तालों पें छेली पें सम हे कीतनी तालो में खाली पें सम पडता हें ओर समसें पीछे गीनोगे तो सम छेलीपर आवेगा तो समकें पीछे जो ताल लगेगी वो ही पहली गीनी जायगी–अव आगे जो तालो के चक्र वाधे जायगे तो अणुद्रुत–द्रुत–लघू–गुरु. प्लुत ईनकी ताले वनेगी तो इनकी मात्रा ओर चीन्ह पहले दीखा देना ठीक हें.

१ नाम.	२ मात्रा.	३ चिन्ह.
अणुद्रुत	१	◡
द्रुत	२	0
द्विराम	३	०
लघु	४	I
लघुविराम	५	I
गुरु	८	S
प्लुत	१२	S
काकपद	१६	+

एक कह कर ताल दीजावे सुरत यह हैं
एक दो कह कर ताल दीजावें सुरत यह हैं
एक दो तीन कह कर ताल दीजावे सुरत यह हैं
एक दो तीन चार फिर ताल लगावे सुरत यह हैं
पांच तक गीनती कर पहेले ताल लगावे सुरत यह हैं
ताल लगाकर आठ गीने सुरत यह हैं
ताल लगाकर १२ गीने सुरत यह हैं

सोलह गीने सुरत यह हैं

अब ईनके उच्चार करनेवाले जानवरोंके नाम॥ अनुद्रुतको तीत्तर कहेः द्रुतको चटकें (चीरीया) जनाई ॥ बक (बगुली) बोले दवी रामकोः लघुको चाप (नीलकंठ)बनाई ॥१॥ कोकिल लविराम ही कहेः वायस गुरू कहि देहि ॥ निजश्वरको उच्चार करी कुकुट स्फुवत कहि लेहि ॥२ ॥ यहांपर ओरभी लिख देते हैं कि प्रातःकाल कुकुट जो बोलता हे उसमें तीनका उच्चार करताहें जेसे कुऊ कु ऊ ऊ कुऊऊऊ ऊ तो पहला कु(ह्रस्व दुसरा दीरघ(गुरू) तीसरा प्लुत अब ईनकी उत्पात्ति ॥ अनु द्रुत पवनमों भयो द्रुत को जल ते जान ॥ नीर पवनमों दवीराम हें

लघु पावक सों माना ॥ नीर अग्निसों लर्वीराम जों गुरु आकाश ते आनि ॥ अब प्लुत पृथ्वीते भयों करे गुनीजन गांन ॥ ओरभी ईनके देवतान को वर्णन भी हैं परंतु यहापर ईतनोंही लीख्यों हैं कारण की ग्रंथको बोहोत वढाना नही जीसकी जीतनी आवश्यकता हे ऊतनाही लीखा गया है ॥

अब–सम–विसम–अतीत–अनाघात

१ ४ २ ३

गीत तालके दो ऊ ज वे ऐक कालमें होही ॥ ताको सम सम्पानि तब पंडित रहें सब जोहि ॥ १ ॥

प्रथम ही रचना गीतकी पाछे तालही आनः ग्रह अती तासों कहें अरु अप् पान वखान ॥ २ ॥

पहले ताल प्रवृति पुनी होय गीत विस्तार । सो अनाधात कहिये वेहे उपर पान निरधार ॥ ३ ॥

आदि अंतकों नेम नही सो विसम ग्रेह होयः ईनके लच्छनयो कहें सब गुणी जन लोय ॥ ४ ॥

अब सम ओर विसम अतीत अनाघातकी मात्राओका दिखाव.

चोतालाकी बारह १२ मात्रामें चारों जगह ० अलग अलग चारो तालमें.

ताल	सम	विसम	अतीत	अनागात
	मात्रा	मात्रा	मात्रा	मात्रा
ताल–पहेली	१	२	३	४
ताल–दुसरी	५	६	७	८
ताल–तीसरी	९	९॥	१०	१०॥
ताल–चोथी	११	११॥	१२	०॥

, मृदंगाध्यायमें तो यह प्रमाण से चारो जगह (तालो) पर सम विसम अतीत अनागात ईस गुप्तिनसे सही सही होती हें और जानकार गवैइया या बजवैया भी ईसी तोर पर बरतते हें ओर गवैया पहेले हीसे बजाने वाले से कह देते हें की फलानी फलानी मात्रा पे तथा ऊसकी खाली (मात्राओके बीचमे जाहा जाहा बोहोत विकट जगह देखते हें वोही जगह बतादेते हें ओर फिर आपभी (गानेवाला) ऊसी जगहसे धुर पदकी ऊठान करते हे की बताई हुई जगहे पर सम आवे ओर वहापर पखावजी को भी एसी परन सुरु करना चाहिये की ऊसी जगहपर परन समाप्त होकरती होई तीन [टुकडे] आना चाहियें ॥

ओर कदाचित तीन टुकडे नही तो परनकी समाप्ति तो ऊस जगहपर जरूर होना चाहिये परंतु एसा तो अब बोहोत थोडा होता हे कारणकी ईस्मे तो क्या गाने वाले को ओर क्या बजाने वाले को बोहोत परिश्रम करना पडता हे ओर उस्तादभी करना पडता हें ओर बोहोतसें गाने बजाने वालोंनें ऐसा निश्चय कर लीया है के आव जाव करनेमें क्या लगता हें जाहापर दिल चाहा जाही आं कर दीया ओर बजानेवालेनेभी ऊसी जगह थाप लगादीतो वांहा वांहा अगर रहे गई तो फिरके आ ओ अबकी आवेगे फिर एसाही होता हे की गवैयातो पखावजी को देखता हे कि ईस्की थाप लग जाय तो हां करू ओर पखावजी देखताहे गवैये का मुह, कि ईस्के मुहसें हां निकसे तो मे थाप लगाऊ अपने अपने इल्मकी सचाई को थोडेसें वक्त के लिये दूर दूर पर रख देते हें बस ईतना ही लिखना ठीक हे कदरदान या समझदार गुणी लोगें समझ सकते हें कि उपर लीखी हुई मात्रा १२ ऊनकी १२ खाली तो मिलके २४ जगह हुई तो ईसमें एसी एसी जगह हे कि पहेले कह देते हे की फलानी फलानी मात्रापर सम रहेगा ओर वहां पर गाने वाले को या बजाने वालेको सम देना होगा तो भी मुस्कीलसे आया जाय सो भी कोई ऊस्ताद करके सीखा होया मात्रा हीसाब जानकर लें को रोक सकता हे या नीले ऊसके वदन में भरी हुई हो तब ऊस जगह को सम देगा नही हरेक आदमी का काम नही हे यहापर थोडीसी ऊनमेंसें जगह भी लीख

देतेहेकि अब २४ जगह में से ८ १६-२०-२४ यह जगहपर भी सम देता ओर वहां पर धालगाना कोई हरेक आदमी का काम नहीं हें वोइ करेगा कि जीसने अपने अपने ऊस्ताद सें सीखा होगा ओर हरवक्त काम पडता होगा वोई करेगा नकोई सुनके या उद्वाके करेगे ऊस्से ये काम कभी नही होगाः जो ऊस्ताद सें सीखेगा मात्रा भेद वोहीं करेगा ओर लें का ही साब भी अब कुछ लीखे हे कि तालों में पहेले बराबर कीले बजाई जाती हें फिर दुगण करते हें ईसी तरह सें ४ त्था ५ दरजे करते हें परंतु ईस्मे कुछ तरकीब से जादे दरजे बतावेगे की जीस्से ठीक ठीक मालुम होवेगा पहेले पावले का बोल फिर आधीले फिर पौण ले फिर बराबर यानी (१) इस्के आगे सवाई डोढी पुण दुगणी ओर दुगण ईस तरहसें अठ गुणतक गीने गे तो ३२ ले (दरजे) होवेंगे परंतु यतो करने ईसे होगा ईस्में तो सिरफ मात्राओ का हिसाब लीख दीया जायगा ॥

अब गाने के साथ कीस तरहसे सरुआद बजानेका होना चाहिये. प्रथम तो अस्ताई सीरु करें तब तक तो बराबर की धेनतक त्था बराबर का वसकार बराबर का काटत्राछके बोल बजाना. पीछे जब अन्तरा सीरु करें जब दुगण की धेन तक ओर दुगणकी परणे पडार मान मोहा राव जाने ओर दुगण को साथ बजाना फिर दुसरी अस्ताई सीरु करे जब आड (१।।) की धेन तक ने आडको साथ बजाना ने फिर दुसरो अन्तरो सिरु करे जब तीगण की धिन तक ने तीगण की परणो बजानी पीछे चोगण को साथ बजाना ओर चोगणकी परणो बजाना पीछे सवाई डोडी अडाई गुणी विगेरेह सब ले बजानी यह तो गाने कि साथ बजाने को प्रमाण लीखा हे ॥

॥ अथ गणेस परण लीखे हे ॥



ताल तीताल.

॥ गनपति सुर मुनि वंदे कलत विविध भाः दु म दु ग झीं झीन कीट कुकू थरी कीन जग विघन विनासन ना कीटरे तक नंगे थुं गे थाः चारु तेजपर भाव ताग्ड दीग्ड दाम् अच्छः जगतंझें ढग नग दाम् काम केल तरंगः तक तक झीम् दुग दुग झीम् तक धीग गुन वोहो विकासंः झीन् कीट झीझी कीटि थु गु दाम्ः दीपं धुपं फल पत्रं फल राज्य विनंग् नई वेदं तो तक् दाम् वस्तर समर्पयंझेः काम तरंम विलासंः शिस्य उ करणं गंडम् तिलकम् पुष्पं चंदन सर्वे विघ्नो प्रशान्ते दीग्ड दीग्ड दीग्ड दाम् मधुकर शाय तरंग तराव नरंगतव थरि किटि तक थरि किटि तक सुन्दर तन् देशांतन्त वोहो श्री वोहो गणेश। टे हे कुकुः ताको थरी २ किन जग मनोज् श्याम जनंगः नटुआ वल्लभ वल्लभ दास काहावत परणभेद वोहो विधसों वनावत श्री गणपति को ध्यान लगावत, थरींग झें थरींगझें थु किटिता किटि तक थरां खीरां खीरां जे तगनांग् दे त्थात थुंगता किट किट तक था ॥ १ ॥

॥ संगीत गणेश परण ॥

थेई ते तेरे तत् तत तत् तत था तत् था कीट किट गुण तक तक थुं थुं गे था थंग नंग किट तक धि कीं था, तत् था कीट तक ना ना थीं की थरी धी कीट कीट

तक धि का थुंगा अर द द मद्लो बुधि विनायक विन किटि हरलो गणपति झे झे झे कुर कुंटर कुठे दिम्नामः थरी कर आलू मूगत्थोः धि किोट किटि तक धिक्का थुंगा गणपति गो थुम् गध्यो बनहर अग्ड धिम् तग्ड धिम् तग्क धी ग्की था किट्टा किटि कीटि ताः अं गे तंमे किटितं क धी क्की था ॥ २ ॥

॥ श्रीशिव परण ॥

झिन पट उट दिये तेः दिग् ३ ति धाः झा ई झलकत अति थे ईत थे ई सुदन र ही री लखितेः दि स २ ति धाः भुवन विलास सां था तत् लीधी थाः तत था खानी मृग तत त थे ई सम सरण बनत ति धा ति धाः नागरी को नेन जुथता थुंः तक थुं २ गवरी के भोले शिम्भुः थु थु किटि किटि थु थु गिड गिडरे डेरू डिमरू वाजे इंक लंगनाथ जूके नाचे ताण्डव नाच थुन्तक धित्तक धित्तक तक थुंगा तत था करनेमें किंकनी ते ते ते ते तिधाः पायनमे पिज्जनी धिः धिलांगर २ धिक्की तक तक थुंगा तत थाः भनत शंकर विहारी तिगदाता थेई प्यारी ऐसी नही हे ओर त्रियाः तकर् थुं गे था देखनेके येही दिन थुन्तक ३ चसं चसा लसी तथै ता थैता थैता तीदत थेई ॥ १ ॥

जटिर् गंगाधर मुकट मगोरी ग्रावग्री कर किंकन ऊतमथा तत् तत् था हस्त कवलदल पुत्र बिन्यायक फिर नंगाथो थोरु दर सही शिव कालेगेरु दर सहा गिन थरींग थरींग मन हुलासे डिमरु केः डिम् २ घंटा वाहन ठलंकार त्रतीयक नैत्रक पत्र कथा ॥ २ ॥

॥ श्रीराधाकृष्ण नृत्य रासलीला ॥

नृत्य सांगीत.



॥ तालतिताला ॥

धां कीड्धांन धागेतीटि कत धाधा कीटतक धाकीटतकधीकीटि धाधीकीटि

कत गिदिगन वंसीवट ओर जमुनाके तट करत रास नागरी नागर नट पहेरन

नील ऊर पीत पट श्रवनन कुंडल सीस मुकट नृत्य करत दोऊ अरस पर [illegible]

घुंघुरू बजतहैं झुंमकझुमकः (क्र) त थेइ दीग् दीग् थेई तेत्तूकत्ताता तीगदाथेई

तेदीगदीग् तत् तदीगदीग तेत्तकत्तात्ता तीगदा थेई ।ऽथेईऽ दीगदीगतेतूकत्ताता त्ती

गदाथेई २ (श्री) दीगदीग् दीगदीग् दीगदीग दीगदीग तेतकत्ताता तीगदाथेई ते

दीगदीग् तत् त दीगदीग् तेतक त्ताताती गदा थेइ ।ऽ थेई ऽ दीगदीग् तेत्तकताता

तीगदाथेई २ (क) त्त थेइ दीगदीग थेई तेतकताता तीगदा थेइ २ (श्री) दीगदीग दीगदीग दीगदीग दीगदीग तेतकत्ताताचीगदा थेइ २ (श्रीकृष्ण) तेतकताता तीगदा थेई २ तथेइ तथेइ त्तथेइ त्तथेइ थेइत्ता २ त्त ३ थेइ दीगदीग थेइ तेतकत्ताता तीगदाथेइ तेदीगदीग ततत दीगदीग तेतकताता तीगदाथेइ ।ऽ थेई ऽ दीगदीग तेतकताता तीग दातीतकथेई बाजेबजत विविधकर तवत वितत ओर घएन शिखर त्ताहा शरद निशा मानोपूरण चंद्र जबबाजत मेंथनाद मृदंअग बजावत श्याम धकीटतक धुमकीटतक तरंग ततकीडां ण त्ता ध्यां ॥ त्ततकीडांण त्ता ध्या। ततकीडांण त्ता ध्यान धर शंकर रहे लुभ्याय लेचरण कमल रजको शिर न्हांय। जैतसमको कियो ऊधार अवकलुक संगीत शास्त्रविचार तकीटधीकीट धुमकीटत्तकध्धेता ताकीट्तकधीकीट धाधीकीटकत ग.दिगन कीड्धांनधा कीडधांनधा कीडधांनधा ॥ १ ॥ सं० ॥

(क) ऊपर जाहाऐसाचिन्हहें वाहांपर श्रीकृष्णके नृत्य शांगितहें

(श्री) जहा ऐसाचिन्हहे वहापर श्री राधिकाजीके नृत्य शांगितहें

श्रीवीष्णुजित ताल तीताला सुधी

तंः जिग ३ तगततथाः शान्ता ततकार थरिकिटि भुजगसयनं धीकी २ तक थरिकीटि पद्मनाभम झिनाकिटिथरीथाः ढींढीरटीगन सुरेसुरं धीधीकिटतकदीव दीवथाः ठंगनाविश्वा जगथरिथारः ढिंकूकू२तक गगनसुदर्शनताऽकीटथरींग मेघवरन सुभतकाकिनझक किनतकजकनक कुन्था दामदामगिनतक लक्ष्मीकान्तिक द्रुमकिट द्रुमकिट कमलनेनथरिथरिथा जोगविधांनगतिः थडिंगर२तककींनगथाःढीकुकू२गंवन्दे किटिश्झं विष्णुथरिकिटि भौभेहरनं जगथरिकिटि तकसर्व लोकीकनाथं दासंजग ३ नगः डग ३ नग ढगनगकीं नगदीन्था ॥ २ ॥

श्रीगुरु चर्ण कमलेभ्योनमः (ऐक ताल)

थेई त वत थेई तवत ता ता कु कु टे हे कु कु र टी ग न तक झेंझे झीं तं झें तं जिग जिग थाः था की ण झें की ण झें कीं न न झंः झीन कीट तक झें जिग जिग सुन्दर दन्तक थों गजमुख दंत क थो जिग ३ झीन किट तकः ताकु ना तक कू कू ताः तक ताकु ना ४ झेः अति बिचत्र राज न पति राज माहाराजा श्री श्री श्री गोवर्द्धनलाल दे त तुरंग ता जी ता हां रीझें दे त हा थी जा हा वाजे वाजत तव त त्रि तव घन्न शिखर गुनी जन मिल गुणे गावे पावे सन्न मान तन्न देत नित्त नित्त ही दान गं ग जगन तु लोभान चीरंजीव ४ वाजे निशानः धग्ड तक न किटि तक् धी ध ग्ड तक ना किटि तक धीः धग्ड तक ना किड तक ४ धी धी धी धी २ द्वे तां ग थो॥ १॥

॥ श्रीमाहाराणा फत्तेह सीहगजी ॥

(आसीर्वाद)

तालचौतालाः लै आडी ॥ ॥ तग्कधीकीट धांकीटतक धीकीटि धातीन् नाना धातीन्नाना नटततानःनटत्ततानः दानवली मानवली तेगवली तागवलीः बजतानिशान धृग्डत्तकझीं धृग्डतकझींझीं ३ धृग्डतकझीं राजनपत्तिराज राजा श्रीश्री श्री माहाराणा फत्तेहसींहग माहाबली धर्मराज धर्मकाज मृगपति सोयुद्धकरत करत सीकार खुलेचोक धऽधडाधड धिन्‌कधाः गुणीजनसब करत्तगांन सुजस चहुओरव खान संकरहीधरत्तध्यांन जीतनगारे बजोंसदाः धृग्डत्तकधुमकिटत्तकधाऽधृग्डतक धुमकीटतकधाऽधृग्डतकधुमकिटितकधाऽ ॥ १ ॥

ओरभी गनेश परणवहुतसीहें विष्णुपरणभीहें राजानकोआशीर्वादकीभीहे कोचटकाशद्वपर तथाटीटोडीके शद्व ऊपरभी परनेबनीहुई ओर सांगीतकेबोल नृत्यकेभी वोहोतहेसो अव अगाडी वढायकर लीखेगे यहापर मृदंगाध्याय पहलेलीखे हे पहलेतोमृदंग (पखावज) मे कोनकोन अक्षर मुख्यहे ओर ऊनकेसाथ ईसारे कोनकोन अक्षरंनिकलेगे ॥

गांनती	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
अक्षर	ता	त॰	दां	थुं	ना	धा	ड	धे	दी	ग	खिर्र	झें	म
आश्रित	१ रां २ क	ग	१ ण २ क	१ धु २ धा	१ लां	थेई	डां	धीं	कि	टि	शर्र	०	

१ता पखावजमे प्रथम ऊँकार शब्दहे इस्सेनाद पेदाहोतां हे नाद हे वोही बृह्म हें (परमात्माहें) ओर ताल इस ग्रंथमें मुख्य हें तालकालको ऐकही प्रमान हें कालकेवसमवहे प्रमाण इन्द्र प्रस्थके नादविनोद ग्रंथमेंश्लोकलीखे हे श्लोक ॥ गीतं वाद्यं तथा नृत्यं भातिताले प्रतिष्टितं ॥ अथ तालं प्रवक्षाभि कालरुपं जगतगुरु ॥ जनयतं सुखं गीते वाद्य नृत्य विशेषवित् ॥ ऊत्पत्या त्रयंलोके, एनताले नजायतें॥१॥ कीटकादि पशूनांच ताले नैव गतिर्भवेत् ॥ यानिकानिच कर्माणि लोकेतालेऽश्रुता निच ॥ २ ॥ आदित्यादि ग्रहाणांच ताले नैव गतिर्भवेत् ॥ बृह्मकल्पोपि कालेन यतः कालवशंगतः ॥ ३ ॥ कालक्रया वसाच्छिन्न तालशब्देन भंण्यते हस्तद्वयस्य संयोग वियोगे चापि वर्तते ॥ ४ ॥ तालमे लय होती हे ओर लय होकर जव मनको आनंद प्राप्त होता हे आनंद होकर श्री पुरुषोत्तम का दरसण होकर, मोक्ष फल दायक होता हें जैसां सिवजी नारदजी गोपिका इत्यादि ॥

प्रथम ईसीका ऊच्चार कीया जायगा येही जो मनको मोहित करने वाला शब्द हें सिरु होतेही अच्छे यावुरे की माल्यूम पडती हे येही पहले पहेल सीखाया जाय इसको थप्पी भी कहते हें दाहीने हाथकी चारो अंगुली बराबर जोडकर चट्टी (कनिष्टा) अगुली की तरफ कि जोहथेली का भागको पखावज की श्याई की पुडी के कुछ ऊपर की तरफ कुछ जोरसें लगाकर आहिस्ते २ हटाई जावे की ऊस्मे से ज्योती पेदा हो जावे.

२ त॰ पुडाकी तरफ बाहे हाथमे हथेली चारो अगुली समेत जोरसे देनेसे त॰ का आवाज होगा—ईसीकोगभी कहते येही अवाज ग की हें—

। ३ दी। । स्याई की पुडी की तरफ दाहिने हाथकी चारो अगुली के अग्रभाग को मिलाके छपका लगानेसे दी शब्द बोलेगा ओर नोंमें नम्बर पे फेर दी शब्द रखा हैं वो ओर यह ऐकही हें परंतु ऊस्में ईतनाही फरक हे की वोदी तीन ऊगलीके अग्र भागसें छपकालगाकर नीकासी जायगी कारण की ऊस्के आगेका अक्षर ग (ट) हें वोहोत जलदी नीकालनेकी जरूरत पडती हे ऊस्में जो पहेलेकी अगुली ऊस्मेसें नीकाल दीगइ ऊसका येही सबब हे कि ऊस निकासी हुइ ऊगुलीके अग्र भागसे ग (ट) नीकलेगा ईसीसे वो दी अलग दीखाई गईहें.

४ थुं—बाहे हाथसें बाहे की तरफ आधे हाथसे (चारोअगुली) ढीलें तोरपर मारनेसे थुं का आवाज होगा इनमेसे धु—थी—धी निकलता हें—

५ ना पुडीकी तरफ दाहेने हाथकी पहली ऐक ऊगुलीमें अग्रभागसें ताकत् देकर बोलानेसे न की आवाज पेदा होती हे ना. से. लां. कीं आवाज पैदा होती हे.

६ धा—ये पखावजपर दोनो तरफ कों लगाई जाती हें दाहने हाथसे नों ना की तरह ओंर बांह हाथसे पुडेकी तरफ दोनो हाथोकी आवाज एकसाथ निकलनेसे धांबोलेगी सम ईसीसें मालुम होता हे ईसी तरहमें थेई भी येही बोलेगी

७ ड यह दाहने हाथसे पुडी की तरफ अगोठेके ईसारेसे बोलेगा डाभी येहीहे

८ धे—दोनो हाथोकी चारोंई अगुली दोनो तरफ पखावज पे जोरसे दबानेसे धें बोलेगी इसी तरहसे धी शब्द भी बोलेगा

९ दी—त्था. की. येकही तरहेसे बोलेगी दाहिनें हाथसें अगोठे की तरफ की अंगुली [तर्जनी] ऊस्को अलगकर बाकी तीन अंगुलीनका छपका शाईके ऊपर पडनेसें दीं की का शब्द होगा.

१० ग—त्था टि-दाहेने हाथकें अगुठे की तरफ की जो अगुली (जो नम्बर ९ में अलग ऊठाली गईथी) ऊसी ऊगलीसे ग त्था टि बोलेगा बाकी की बेतीनो अगुरी स्याहीपर से हटाली जावेगी

११ खिरे ये स्याई तरफ अगुष्टे कों ओर बीचकी अगुरी दोनोको मिलाकर श्याइके ऊपर घसीट लगाई जाती हैं ईसी तरहसे थरें भी बोलेगी

१२ झें–यह जो शद्ध पखावजके दोनों तरफ दोनो हाथों को ढीले रखकर बजाने झें शद्ध बोलेगा ओरम इसी तरहसे पुडी की तरफ एक हायसे बोलता हे

अब ईनके आगे ओरभी शद्ध हे कू–टोहों–परंतु यह तो बोहोतकम बजानेमें आते हे शद्धमे तो बोहोत जगहपर आते हैं परंतु बजानेवाला फुरतीवाला हो तो ऊतनींले के अन्दाजनमें कू पाचो अगुरीनको मिलाकर श्याईके ऊपर लगानेसे बोलेगा. ओर टोहो शब्द श्याईकि पुडींके ऊपर खोणीसे बजानेमे बोलालेवेंहे परंतु यहतो राजाओको खुस करनेकी वाते हें, जेसे दोनो हाथोंसे पुडाकी तरफ थिलांग लगाते पुडींकी तरफ कीडाण लगालेते हें ओर ईस्के अलांवे सलामी भी पखावजपर लेते हें यह सब रहीसो को खुसकरता हें कोई ऐसी बात हें नहीं की जिस्कों यहापर विचारकरके लीखें

अब पडार–परण बोल (पेसकार टूकडे–मोहरें का कोन कोन भदेहें


१ पडार–ऊस्को कहते हें की एक एक अक्षरपर लडगुथावहों

२ बोल–ऊस्को कहते हे कि समसे समतक पुरा बेठे ओर सिधी चाल हो तालका दरसाव हो जावे कि फलानी फलानी तालका बोल हें

३ परण–ऊस्को कहते हें पहेले कुछ सम और फिर कुछ दुगणके अक्षर हों ईसी तरहसें दो चार आवडदीमें सम देती हो ऊस्को परण कहते हें

४टूकडे–चार मात्रा या छे मात्रा आठ मात्रा त्था बारे मात्रा त्था १६ मात्रा तक होते हें वो अपनी अपनी जगहसे समके ऊपर तीसरी दफेंमे समदेते बाकीके दो टुकडेका सम खाली मात्रा ओमें जाता हे ऊस्को टुकडे कहेंगे

५ मोहरे– ऊस्कों कहतेहे जो साथ (लपेट) माने वालेके साथ खुला बाज बजाते हे ओर ऊस्के अंतमें मुखडा बादकर एक देकेमें या ऊसीको तीन दफे आते हे मात्रा ४–६–के होते हें जेसे: ध टी ग न धा इत्यादि ॥



अब प्रथम पडार लिखे हैं ॥ ताल तिताला ॥ ले. ठाकी ॥

० । ० ० । ० ५ । ० ०

ता । दी । थुं । न । कि । टि । त । क । धं । दी ग । न । धा ॥१॥

अब बरावर ले ॥ धाधिंधिंधिंधाऽ तेतूतेतूताऽ ॥ ताता दीदी थुंथुं नांनां: कीटितक धादेग न धा ॥ अब सम दुगणकी ॥ ताता दीदी थुंथुं नाना: किटितक धदीगनधा ३ ॥ ४ ॥ ॥ पडार आडीलेकी ॥ ताताता । दींदींदी । थुंथुंथुं । नानाना । तकीटतका: दीकीटतका: थुंकीटतका: नकीटितका: तकिटिधाकधाऽ३॥५॥

पडार दुगणलेकी ॥ तातातातः दीदीदीदी: थुंथुंथुंथुं: नानानाना: तकीटिदीकिटितक: दीकिटितकिटितक: थुंकिटिनाकिटितक: नकीटिथुंकिटतक: ताकिटितकिटितक धाऽ ३ ॥६ ॥ ॥ पडार ठादुणकी ॥ ताः दीः थुंः नाः ताः किटि२तक दिनूधा । धे धे त्तार२ नाः किटि२तक दिनूधा । तकदेत् ३ धुमकिटिकिटितक दिनूधा । धाऽदिन । धाधा दिनः धादिन धादिन २ धाधा दिनः धाकिटिकिटि ४ धाऽदिनः ता दी थुं नाः तत किडाणताधाऽ ३ ॥ ॥७॥

पडार दुणकी ॥ ॥ताकिटित किटितक ३ ताता २ दीकिटित किटितक ३ दींदी २ थुंकिटित किटितक ३ थुथु २ नाकेटित किटितक ३ नाना २ तकीटित किटितक: ताता २ दीकिटित किटितक: दींदी २ थुकिटित किटितक: थुथु २

नकीटित किटितकः नाना २ तकीटित किटितकः दिकिटित किटितकः थुकिटित किटितकः नाकिटित किटितकः ताकिटित किटितक ३ तकथा गदीगनथा ॥८॥ ॥

पडार ठा. दुगन॥ तत् किटि २ ताकिटितकाकिटिः ताकिटितकाः किट्तिक्ः ताकिटितकाः दीत किटितत् किटि ताकिटितका किटि ताकिटितकाः किट्तक् ताकिटि तकाः थुनाकिटि ततकिटि ताकिटितका किटि ताकिटितकाः किट्तिक् तीकटितकः ननकिटि ततकिटि ताकिटितका किटि ताकिटितकाः किट्तक्ः ताकिटितकाः ततकिटि २ ताकिटितका किटिः दित किटि तनकिटि तकीटितकाकिटिः थुनाकिटि ततकिटि ताकिटितकाकिटिः ननकिटि ततकिटि तकीटितकाः किट्तिक् ताकिटतकाः किटिनक दीकिटितकाः किटितक थुंकिटतकाः किवितक नकीटितकाः ततक धीकिटि धिधि किटिकत गदीगन ३ ॥६॥ ॥९॥ तानाताता २ ताताव तातातातो। दीदीदीदी २ दीदी दीदीदीदी। थुथुथुथु २ थुथ्थुं थुथुथुथु। नानानाना २ नान्ना नानानाना। ताताव तातातातो। दीदी दीदीदीदी। थुथ्थु थुथुथुथु। नान्ना नानानाना। तात दीदी तातादीदी तातात्र तातातो दीदी तातात दीदीदी ताथुंथुंथुंथुं नानानाना २ तातात दीदीदी ताथुंथुंथुंथुं नानानाना २ थुंथुंथुंथुं नानानाना २ थुंथुं नाना २ कीटितक धदीगनथाऽ ३ ॥ ॥१०॥


पडार दुगणकी॥ तानाताता ताकिटि किटितक २ ताताता किटि किटितक २ ताकिटि किटितकः दीदीदीदीदी किटि किटितक २ दीदीदी किटि किटितक २ दीकिटि किटितकः थुंथुंथुंथुंथुं किटि किटितक २ थुंथुं थुकिटि किटितक २ थुंकिटि किटितकः नानानाना नाकिटि किटितक २ नानानाकिटि किटितकः २ नाकिटि किटितकः ताता ताकिटि किटितक २ ताः किटि २ तकः दीदी दीकिटि किटितक २ दीः किटिरतकः थुंथुं थुकिटि किटितक २ थुं: किटिकिटितकः नाना नाकिटि किटि तक २ नाः किटि २ तकः ताः किटि किटितकः दीकिटि किटितकः थुं किटिकिटि तकः नाकिटि किटितकः ताः किटि २ ताकिटि तकाकीटतकः दीः कीट २ ताकिटि तकाकीटतकः थुंः किटि २ ताकिट तकाकीटतकः नाः किटि २ ताकिट तकाकीटतकः धेन्नाव धातिधा किटितक धमकिटि धमकिटितक धदीगनथा॥ ॥११॥

पडार ठादुणकी ॥ तनथुंगा तक्काथुंगा ताः किटि २ तक तक्काथुंगा तकीटि धिकिटितक ताः किटि २ तकतक्का थुंगाः तक्का तक्का थुंगा २ तक्काथुंगाः ताकिट किटतक ३ तक्काथुंगाः दीनः थुंगा दीक्काथुंगा दीः किटि २ तक दिक्काथुंगा दीकीटी तकीटीतक दीः किटि २ तक दीक्काथुंगाः दीक्कादीक्का थुंगा २ दीक्काथुंगा दीकिटि किटितक ३ तक दीक्काथुंगाः थुन् थुंगाथुंगाथुंगा थुंः किटि २ तक थुंगाथुंगा थुः किटित किटितक थुः किट २ तक थुंगाथुंगाः थुंगाथुंगातक २ थुंगातकः थुकिटि किटितक ३ थुंगातकः ननथुंगा नंगाथुंगा नाकिटि किटितक नंगाथुंगा नकिटि तकीटतक नाः किटि २ तक नंगाथुगाः नंगानंगा थुंगा २ नंगाथुंगाः नाकिटि किटि तक ३ नंगाथुंगाः । तत्थुंगा तक्काथुंगा ताः किटिकिटितक तक्काथुंगाः दीतथुंगा दीक्काथुंगा दिकिटि किटितक दीक्काथुंगाः थुंः थुंगाथुंगाथुंगाथुंः किटिकिटितक थुंगाथुंगाः ननथुंगा नंगा थुंगा नाः किट २ तक नंगाथुंगाः । तत थुंगाः तकीट ३ तकाः दीतथुंगाः दीकिटःत. किटतकिटितकाः थुंथुंगा थुकिटीतकीटताकिटनकाः नन थुंगाः नकिटित किटिताकिटिनकाःतकिट ३ तकाः दीकिटिःताकिटि २ तकाः थुंकिटिताकिटिताकिटितकाः नकिटितकिटिताकिटतकाः तकिटितकाः दीकिटितकाः थुंकिटितकाः नकिटितकः तत थुंगाः दीत थुंगाः थुंन थुंगाः ननथंगाः तकिटिधिकिटितकता कीटकिटनक तक्काथुंगाः तरांगधाऽ ३ ॥ ॥ १२ ॥ ॥



॥ श्रीनाथांजयती ॥

चक्र तिताला मात्रा १६ का.



ताल ३-१ क खाली-ताल दोद्रुत ऐक लघुरूप यहहें ०।०

॥ टुकडे बराबर लेके ॥

० । ० ० ० ०।
धा धें धें धाः कीटी तक धदी गन धा ॥ १ ॥ ॥ धा धें धें धाः कीटी तक
० १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ सम १ २ ३ ४ ५ ६
तरांग धा ॥ २ ॥ ॥ धां धें धें धाः धे त्तां धंदी गन धा ॥ ३ ॥ ॥ धा धे धे धा
॥७॥-८ ० १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ० १ २ ३ ४
धे त्ता तरांग धा ॥ ४ ॥ ॥ धां धे धे धाः तक तक धंदी गन धा ॥ ५ ॥ ॥ धा
५ ६ ॥७॥८ ० १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ० १
धे धे धाः तक तक तरांग धा ॥ ६ ॥ ॥ धां धे धे धाः घींघी ता धंदी गन धा ७॥
२ ३ ४ ५ ६ ॥७॥८ १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ०

॥ ॥ धां धे धें धाः धींधीं ता तंरांग धा ॥८॥ ॥ धां धे धें धा धुम किटि धदी
१ २ ३ ४ ५ ६ ॥७॥८ ० १ २ ३ ४ ५ ६ ७

गन धा ॥ ९ ॥ ॥ धां धे धें धाः धुम कीट तरांग धा ॥ १० ॥ ॥ धा धे धें धा
८ ० १ २ ३ ४ ५ ६ ॥७॥८ ० १ २ ४

आ ते तें ताः धंदी धन धाः धदी गन धाः धंदी गन धाः ॥ १ ॥ ॥ धदी गन धा
५ ६ ७ ८ १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ० १ २ ३

धदी गन धाः धंदी गन धा ॥ १॥ ॥ धदी गनधा तारांग धा धदी गन धा ॥ २ ॥
३ ५ ६ ७ ८ ० १ २ ३ ४ ६ ७ ०

॥ धदी गन धा धदी गन धदी गन धे धा ॥ ३ ॥
१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८

० । ऽ ० । ०
धा किटितक धुमकीटतक धंदीगन धा ॥ १ ॥ धाकीटतक धुमकीटतक तराग धा
१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ सम १ २ ३ ४ — ५ ६ १ सम
७॥

॥ २ ॥ ॥ धांकिटकिट धुम कीटतक धंदीगन धा ॥ ३ ॥ धाकिटकिटि धुम
१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ सम १ २ ३ ४

किटितक तंरागन धा ॥ ४ ॥ ॥ धां धुमकिटितकधेत्ता धंदीगन धा ॥ ५ ॥
५ ६ १ ८ १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ —
७॥

धांधुमकिटितकधेत्ता तंराग धा ॥ ६ ॥ धांधेत्ता कातार्कीटीतक धंदीगनधा ॥ ७ ॥
१ २ ३ ४ ५ ६ १ ८ —— १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ —
७॥

धां धेत्ता कातांकिटितक तंराग धा ॥ ८ ॥ धांकिटितक धा किटितक धंदीगन
१ २ ३ ४ ५ ६ १ ८ —— १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८
७॥

धा ॥ ९ ॥ धांकिटितक धा किटितक तंराग धा ॥ १० ॥
— १ २ ३ ४ ५ ६ १ ८ ——
७॥

॥ अत्र तित्तालाकि दुगणकी धिननक नें दुगण कामान मात्रा १६/३२ का ॥ बराबरकीले

में लेतो आवुरदी दोमेंआवें नेदुगणले में लेतो आवुरदी एकमे आवें ॥ ॥

तां धिननकं धेधि ननक धिंननक धें धे धिननक धिनन धिनन तक ॥
१ ० २ ० ३ ० ४ ० ५ ० ६ ० ७ ० ८ ० ९ ० १० ० ११ ० १२ ० १३ ० १४ ० १५ ० १६ ०

धंकिटिधा क धाधीकिटि धागेदींगे तक किटनकिटतका किन धागे
१ ० २ ० ३ ० ४ ० ५ ० ६ ० ७ ० ८ ० ९ ० १० ० ११ ० १२
दींगन धागें दींगन धा ॥ १ ॥
० १३ ० १४ ० १५ ० १६ ०—

धाकिटिनकीटिनका २ धेत्ता धेत्तकदीन् धाधींकीटतकिटितका धाकधा ॥ २ ॥ धाधाक धाकः धातक धदींगन ३ धा ॥ ३ ॥ धाधीन् तना घिरकिटिनक कत्तधी त्तीटी धीलांन तकधदी गनधा ॥ ४ ॥ ॥ नकिटिधीकिटि धेतगनांगः तकिट २ तकधादींन् तकधीकीतकधीः किट २ तकधदींगनधा ॥ ५ ॥ ॥ का धीधीताधीः धी २ तातक धीकीतकधीन् धीनकिटीत किटितका किटनक धीन्ना किटितकधा ॥ ६ ॥ ॥ धुमकिटितटिकीटितकाकिट तकधुमकिटितकीटतका किटतकधदींगनधाः ॥ ७ ॥ ॥ ॥ धुमधेत्ता घित्तांग तकधीकीतक तकीटिधीकिटिधिलांग कतगदींगनधा ॥ ८ ॥ ताधिलांगतकतताः कीट २ तकीट तकाका किटतकधदींगनधा ॥ ९ ॥ ॥ ताघिलांग २ तकधा ताकिटिघिकिटि धिलांगः तकधदींगनधा ॥ १०॥ ॥ ता किटि २ तकिटतका किटि २ तकिटितकाकाः किटिनक धदींगनधा ॥ ११ ॥

ताः देअ धा धाकिटितक धुमकिट धुमाकिटिनक धदींगनधा ॥ १२ ॥ ॥ १३ ॥ ॥ तकथो धीकीथों धीकीतगथाथा घिलांगनक धदींगनधा ॥ १६ ॥ ॥ तान् थुंन् तकथुंनः तक२ घिकितक तकधीकीतकधिलांगनक धदींघनधा ॥ १४ ॥ ॥ तकतकथुन् २ तकथुन् तका तकथुन् तकधदींगनधा ॥ १५ ॥ ॥ तकधीकीतक २ धीकीतक तकधीकीतक घिलांगनक धदींगनधा ॥ १६ ॥ ॥ कीतक धा धाधा कीटतकधा धातकधा कीटनिक धदींगनधा ॥ १७॥ ॥ कीटिनकीटतका किटि-तकधदींगन ततधेत्ता धुमकिटितक धदींगनधा ॥ १८ ॥ ॥ धाकीटतकिटितका किटिःतकधुमकिटितकितका किटीतक धदींगनधा ॥ १९ ॥ ॥ धाकिट् २ कीटीःधा२ किटितकधकिटितकिटि धाधाकिटि धकिटधाकधा ॥२०॥ ॥ धेत्ता २ धादीन् धाकि-टितकः धुमकिटि२तकधदींगन धा ॥ २१॥ ॥ धाकिटि तक २ धादिन्धाकिटितकधा किटितकधदींगनधा ॥ २२ ॥ ॥ धादीन धाकिटीतकिटितकाकिटिः तगनगदेअ धाकिटिनक धदींगनधा ॥ २३ ॥ ॥ धादिंन धुमकिटनकिटितकाकिटतकधेत्ता

धुमकिटि २ तकधद्गीगनधा ॥ २४॥ ॥ धाआः धद्गीगन ३ धातगनगद् भः द्धतरागधा ॥ २५॥ ॥ धा धुमकिटिनगनांग धा तक किटितक धद्गीगनधा ॥ २६॥ ॥ धा किटी-किटितकीटतका किटः टगनगदेअ धा किटीतक धद्गीगनधा ॥ २७ ॥ ॥ धा किडनान्ः नकिटितकः धीनना तक धीनना धीनना तकधद्गीगनधा ॥ २८ ॥ ॥ धा ध्येत्त २ ध्ये ध्ये किटितक ध्ये तरागधा कीटीतक धद्गीगनधा ॥ २९ ॥ ॥ धाग्धीकीतकनकधाः धा २ कीटिकिटितकधा । कीटितका धाकधाकधा ॥ ३० ॥ ॥ धाग्तक धाधा किटतकतकाकिटिधा किटः तक २ किटधाधाधा ॥ ३१ ॥ ॥ धाग्तक धुमकीटिः तरांग ३ तक धद्गीगनधा ॥ ३२ ॥ धाग्तकः धुमकीटि ४ तक धद्गीगनधा ॥ ३३ ॥

॥ अब तितालाकी आडकी धिननक ॥

॥ ने आडकामान मात्रा १२--२४ का ॥

० । ० मम

ता धि न न क ध्ये धि न न क धि न न क धि न न धि न न त क ॥

१ ० २ ० ३ ० ४ ० ५ ० ६ ० ७ ० ८ ० ९ ० १० ० ११ ० १२

० । ०

धा कि टि त क धु म कि टि त क ध्ये ता कि टि त क ध द्गी ग न धा ॥ १॥

१ ० २ ० ३ ० ४ ० ५ ० ६ ० ७ ० ८ ० ९ १० ० ११ ० १२ ०

धाँकिटिदिन् धुमकीटतक ध्येता किटितक धद्गीगनधा ॥ २ ॥

धाः किटि २ तकीटतका किटि धुमाकिटितक धद्गीगनधा ॥ ३ ॥

धा कीटतक २ किटिधा किटितक धद्गीगनधा ॥ ४ ॥

धाः किडांण धुमकिटितक ध्येत्ता किटितक धद्गीगनधा ॥ ५ ॥

